प्रेस नोट

मैट्रीमोनियल साइट्स के माध्यम से शादी, ट्रांसफर व नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी में संलिप्त अन्तर्जनपदीय वांछित अपराधी गिरफ्तार।

साइबर अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु संलिप्त/ वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर एवं क्षेत्राधिकारी अपराध फतेहपुर के कुशन पर्यवेक्षण में प्रचलित अभियान अन्तर्गत जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 07/24 धारा 406, 420, 467, 468, 471 भादवि व 66 सी आईटी एक्ट का सफल अनावरण करते हुए संलिप्त/वांछित साइबर अपराधी को आज दिनांक 25.08.2024 को जनपद लखनऊ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के क्रम में माननीय न्यायालय भेजा गया।

कार्य प्रणाली/ पूंछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा मैट्रीमोनियल/ सोशल साइट्स (जीवनसाथी डाट काम, शादी डाट काम, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) पर आईडी बनाकर पंजीकरण कराये हुये युवतियों को आनलाइन रिक्वेस्ट भेजकर स्वयं को पुलिस मुख्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर पद पर कार्यरत होना बताया जाता था तथा साक्ष्य के तार पर कूटरचित स्मार्ट कार्ड/ परिचय पत्र भेजकर विश्वास में लेकर मेलजोल बढ़ाते हुये वरिष्ठ अधिकारियों से जान पहचान की बात कहते हुये सम्बन्धित से शादी एवं स्थानान्तरण/ नौकरी के नाम पर आनलाइन रूपयो की ठगी की जाती है। अभियोग की विवेचना के क्रम में वर्ष 2024 में अब तक करीब 05 लाख रूपये ठगी का सत्यापन किया जा चुका है।

बरामदगी का विवरण-

आधार कार्ड 02, पैन कार्ड 01, डीएल 01 अदद, एटीएम 02 अदद (SBI, HDFC बैंक), आई कार्ड रेलवे 01 अदद, घटना में प्रयुक्त एण्ड्रायड मोबाइल फोन।

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त विवरण –

विकास कुमार सिंह उर्फ प्रिन्स पुत्र राधेश्याम बघेल निवासी 547क/1/11 शिवपुरी कालोनी आरडीएसओ रोड नियर जलालपुर फाटक राजाजीपुरम थाना पारा जनपद लखनऊ उ0प्र0 उम्र करीब 23 वर्ष

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 – 465/2023 धारा 420 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट थाना रामकोट जनपद सीतापुर उ0प्र0।
2. मु0अ0सं0 07/24 धारा 406, 420, 467, 468, 471 भादवि व 66 सी आईटी एक्ट साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद फतेहपुर।
3. NCRP शिकायत संख्या – 23112230109132 जनपद गोण्डा उ0प्र0 में दर्ज है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर
2. का0 प्रवीन सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर
3. का0 अजय कुमार, साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर

प्रभारी निरीक्षक
साइबर क्राइम पुलिस थाना
जनपद फतेहपुर